आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 20.06.2024

मुख्य समाचारः–

1– कल मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–प्रदेश में राज्य स्तरीय कार्यक्रम रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में होगा।
2– केन्द्र सरकार ने धान सहित चौदह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाया।
3– बलरामपुर जिले में सीएएफ जवानों को लेकर जा रहे वाहन के खाई में गिरने से दो जवानों की मौत।
4– प्रदेश में मानसून आगे बढ़कर राजनांदगांव, दुर्ग, धमतरी और गरियाबंद के कुछ हिस्सों तक पहुंच गया है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कल्याण मंत्री  लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी।

कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सुबह सात से आठ बजे के बीच होगा। इसमें छत्तीसगढ़ योग आयोग के प्रशिक्षित और अनुभवी योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी–कर्मचारी, पंतजलि योग संस्थान, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी संस्थान सहित विभिन्न संस्थानों के योग साधक के अलावा लगभग पैंतीस हजार आम नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'योग' को जनसामान्य की दिनचर्या का अंग बनाना और राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए योग से परिचित कराना है। इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम है – स्वयं एवं समाज के लिए योग।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव कोरबा में और विजय शर्मा दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, बिलासपुर में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, कांकेर में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के अलावा राज्य मंत्रिमंडल के सभी मंत्री, सांसद और विधायक अलग–अलग जिलों में आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

कल राज्य के सभी चार सौ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और चौबीस योगा वेलनेस सेंटरों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इससे पहले, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

कैबिनेट–निर्णय

केन्द्र सरकार ने चौदह फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का निर्णय लिया है। धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल एक सौ सत्रह रूपये की वृद्धि की गई है। यह जानकारी कल नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए हैं। धान के अलावा कपास, बाजरा, दलहन, तिलहन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी वृद्धि की गई है। श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार देशभर में दो लाख गोदाम बनाने पर भी काम कर रही है।

यूजीसी–नेट परीक्षा–रद्द

केन्द्र सरकार ने जून दो हजार चौबीस यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द कर दी है। यह परीक्षा बाद में नये सिरे से आयोजित की जाएगी, जिसकी जानकारी अलग से दी जाएगी। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा दी गई जानकारी के बाद यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द की गई है। यह मामला गहन जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा जा रहा है।

बलौदाबाजार–सोशल मीडिया समिति

बलौदाबाजार में जिला स्तरीय सोशल मीडिया निगरानी समिति ने अब तक पचपन संदिग्ध प्रकरणों की पहचान कर एसडीईएम के माध्यम से एसडीओपी को भेजा है। इनमें से सायबर पुलिस और थाना प्रभारियों की मदद से तीन व्यक्तियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। वहीं, अन्य चार व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। जिला कलेक्टर दीपक सोनी ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट करने से बचें।

यदि किसी भी व्यक्ति का पोस्ट भड़काऊ या सामजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाला प्रतीत होता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच, राज्य के गृह विभाग ने बलौदाबाजार जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को भी बदल दिया है। धमतरी के एडिशनल एसपी अभिषेक सिंह को बलौदाबाजार–भाटापारा जिले का नया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा गृह विभाग ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और उप पुलिस अधीक्षक स्तर के चार अन्य अधिकारियों के प्रभार में भी फेरबदल किया है।

कोयला घोटाला मामला

कथित कोयला घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने छह आरोपियों को आज रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया। जिनमें से तीन आरोपियों – निखिल चंद्राकर, हेमंत जायसवाल और चंद्रप्रकाश जायसवाल को चौबीस जून तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। जबकि, तीन अन्य आरोपियों – शिवशंकर नाग, संदीप नायक और लक्ष्मीकांत तिवारी को चौदह दिन यानी एक जुलाई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

माओवादी साम्रगी–बरामद

नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के कड़ेनार से जिला पुलिस बल, डीआरजी और आईटीबीपी की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान कावानार इलाके से सुरक्षा बलों ने ग्यारह कुकर, दो प्लास्टिक ड्रम, बिजली वायर, डेटोनेटर, कोडेक्स वायर सहित दैनिक उपयोग की अन्य माओवादी सामग्री बरामद की है।

राज्य मंत्रिमंडल–निर्णय

राज्य मंत्रिमंडल की कल हुई बैठक में प्रदेश में विदेशी शराब की खरीदी–बिक्री की लाइसेंस व्यवस्था को खत्म करने का निर्णय लिया गया है। राज्य में अब शराब निर्माताओं से सरकारी एजेंसी द्वारा सीधे शराब की खरीदी कर उसकी आपूर्ति की जाएगी। राज्य सरकार के अनुसार इस नई प्रणाली से बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी और आपूर्ति की प्रक्रिया सरल तथा सुगम हो जाएगी।

दुर्घटना

झारखंड की सीमा से लगे पुंदाग और भुताही के बीच छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल–सीएएफ के जवानों को लेकर जा रही एक पिकअप वाहन के खाई में गिर जाने से दो जवानों की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि यह हादसा कैंप शिफ्टिंग के दौरान हुआ। जब जवान सामान के साथ पिकअप वाहन से कैंप की ओर जा रहे थे, तभी मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खो दिया और पिकअप खाई में जा गिरी। इस हादसे में उत्तरप्रदेश निवासी प्रधान आरक्षक फतेह बहादुर और सरगुजा निवासी आरक्षक नारायण प्रसाद की मौत हो गई। वहीं, घटना में घायल जवान रामप्रताप सिंह सरगुजा का रहने वाला है।

उधर, जगदलपुर में बीती रात एक कार के अनियंत्रित होकर दलपत सागर में गिरने से तीन युवकों की मौत हो गई। यह मामला जगदलपुर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। हादसे के दौरान कार का गेट लॉक हो जाने के कारण तीनों युवकों ने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार ये तीनों युवक कार में सवार होकर धरमपुरा गए थे। वापसी के दौरान चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे दलपत सागर में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार में सवार लोगों ने दरवाजा खोलने की कोशिश की। लेकिन, गेट लॉक होने के कारण वे नाकाम रहे और पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई।

वहीं, कोरबा जिले के कुकदा–आमानारा के बीच एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। मृतक पाली ब्लॉक के डिंडोलभाटा प्राथमिक शाला में शिक्षक के पद पर कार्यरत् था।

बेमेतरा जिले के भदराली गांव के पास एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, आठ यात्री घायल हो गए हैं, जिनमें से चार की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

कांग्रेस–प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने आज रायपुर में गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास का घेराव करने का प्रयास किया। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी और लगातार बढ़ रहे अपराध का आरोप लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने गृह मंत्री से इस्तीफे की मांग की। जिला कांग्रेस भवन गांधी मैदान से निकले प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने महिला थाने के पास रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारी और पुलिस के बीच झूमाझटकी भी हुई। इस प्रदर्शन में राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे और युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के साथ ही एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे शामिल हुए।

मंडी सचिव/लेखापाल–निलंबित

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने मनेंद्रगढ़ से आए व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल की शिकायत के बाद मनेंद्रगढ़ के मंडी सचिव और लेखपाल को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। वहीं, मंडी बोर्ड के एमडी की कार्यशैली पर भी नाराजगी जताई है। गौरतलब है कि इन दोनों अधिकारियों के खिलाफ प्रतिनिधिमंडल ने दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार की शिकायत की थी, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए श्री नेताम ने मंडी सचिव और लेखपाल को निलंबित करने के आदेश दिए।

दंतेवाड़ा–डेंगू

बारिश का मौसम शुरू होते ही दंतेवाड़ा जिले में डेंगू का संक्रमण फैलने लगा है। बैलाडीला क्षेत्र से डेंगू से पीड़ित दस संदिग्ध मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इनमें से छह मरीजों में डेंगू की पुष्टि की है। जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी संजय बसाक ने डेंगू–बुखार की जांच और इलाज की सुविधाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने विभाग को लोगों के इलाज के प्रति सतर्क रहने और उन्हें डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने को कहा है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण–पश्चिम मानसून राजनांदगांव, दुर्ग, धमतरी और गरियाबंद के कुछ हिस्सों तक आगे बढ़ गया है। इसके अगले दो से तीन दिनों में उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा बिहार और उसके आसपास बना हुआ है। इसके अलावा मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगी उत्तर–पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर भी चक्रवाती घेरा विस्तारित है। इसके असर से प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने, आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी दी गई है। प्रदेश में अगले पांच दिनों तक वर्षा की स्थिति ऐसी ही बने रहने की संभावना है।

इस बीच, रायपुर और कवर्धा सहित प्रदेश के कुछ जिलों में आज शाम से गरज–चमक के साथ बारिश शुरू हो गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>